G20 Leaders' Summit, New Delhi 2023

The Group of Twenty (G20) comprises 19 countries (Argentina, Australia, Brazil, Canada, China, France, Germany, India, Indonesia, Italy, Japan, Republic of Korea, Mexico, Russia, Saudi Arabia, South Africa, Türkiye, United Kingdom, United States of America), and the European Union. The G20 members represent around 85% of the global GDP, over 75% of the global trade, and about two-thirds of the world population.

The G20 is the premier forum for international economic cooperation that plays an important role in shaping & strengthening global governance and in working towards sustainable and balanced global growth.

India took over the Presidency of the G20 on 1 December 2022, and will hold it for a period of one year upto 30 November 2023.

India's G20 Logo draws inspiration from the vibrant colours of the national flag and juxtaposes planet Earth with the lotus, India's national flower, reflecting growth amidst challenges. The Earth in the Logo, reflects India's pro-planet approach to life, one in perfect harmony with nature.

The theme of India's G20 Presidency - 'Vasudhaiva Kutumbakam' or 'One Earth · One Family · One Future', drawn from the ancient Sanskrit text of the Maha Upanishads, affirms the value of all life – human, animal, plant, and microorganisms – and their interconnectedness in the wider universe. The theme also spotlights LiFE (Lifestyle for Environment), with its associated, environmentally sustainable and responsible choices, leading to globally transformative actions resulting in a cleaner, greener future.

Drawing inspiration from India's G20 theme & Logo, the two stamps commemorate and celebrate the historic period of India's G20 Presidency and the landmark occasion of G20 Leaders' Summit, New Delhi.

The first G20 Commemorative Stamp is representative of an India that is diverse, inclusive and has a rich cultural heritage. The golden stamp takes inspiration from India's national flower, the lotus, and the 'Mandala' art forms. The rich gold embodies the richness of our culture, our golden history and timeless traditions, whereas the seven petals symbolically represent the seven continents & the coming together of G20 countries. The Stamp represents how the world can draw lessons from India's uniquely diverse cultural heritage, peaceful coexistence and democratic ethos, in order to work for a mutually bright beneficial future.

The second G20 Commemorative Stamp symbolises togetherness and reflects the collective will of G20 members to achieve inclusive, ambitious, decisive and action-oriented outcomes under India's Presidency. The need for a unified, collective leadership by all G20 countries is imperative to achieve shared prosperity and a joint vision of a peaceful, prosperous world. Representing India's unique mantra of 'Unity in Diversity' and the concept of 'Vasudhaiva Kutumbakam', the 'seven hands' signify seven continents, showcasing the values of togetherness/ unity and inclusivity.

India's G20 presidency is coming at a time when the world is facing multiple challenges. Amidst these challenges, India's G20 presidency provides a ray of hope and a platform for meaningful discussions for achieving durable solutions to contemporary global challenges. Against this backdrop, the Commemorative Stamps for India's G20 Presidency, exhibits the coming together of various G20 countries through this premier multilateral forum, representing hope and regeneration.

Department of Posts is pleased to issue Commemorative Postage Stamps on G20, Leaders' Summit, New Delhi 2023 and hails the active role of India as beacon of hope, sustainability, interconnectedness and inclusive growth of all.


Credits:

Stamp/Souvenir Sheet/ FDC/Brochure	:	Shri Suresh Kumar
Cancellation Cachet	:	Smt. Nenu Gupta
Text	:	Referenced from the content provided by Ministry of External Affairs

भारतीय डाक
India Post

डाक विभाग
Department of Posts

विवरणिका
BROCHURE



G20 शिखर सम्मेलन
नई दिल्ली, 2023

G20 Leaders' Summit
New Delhi, 2023

जी20 शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली 2023

ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी20) में 19 देश (अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका) और यूरोपीय संघ शामिल हैं । जी20 सदस्य देश, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85%, वैश्विक व्यापार का 75% से अधिक और विश्व जनसंख्या के लगभग दो–तिहाई का प्रतिनिधित्व करते हैं।

जी20, अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है, जो वैश्विक शासन व्यवस्था को आकार देने और सुदृढ़ बनाने तथा पर्यावरण अनुकूल एवं संतुलित वैश्विक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

भारत को जी20 की अध्यक्षता 1 दिसंबर, 2022 को मिली और यह एक वर्ष अर्थात् 30 नवम्बर, 2023 तक जारी रहेगी।

भारत के जी20 लोगो में राष्ट्रीय ध्वज के जीवंत रंगों को शामिल करते हुए पृथ्वी के साथ भारत के राष्ट्रीय पुष्प, कमल को दर्शाया गया है, जो चुनौतियों का सामना करते हुए विकास पथ पर अग्रसर होने की भावना को प्रतिबिंबित करता है। इस लोगो में अंकित पृथ्वी की आकृति, जीवन शैली के प्रति भारत के उस पर्यावरण अनुकूल (प्रो–प्लैनट) दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो प्रकृति के साथ पूर्ण सामंजस्य में है।

भारत की जी20 अध्यक्षता की थीम, 'वसुधैव कुटुम्बकम्' अर्थात् 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। यह थीम, संस्कृत के प्राचीन महा उपनिषद से उद्धृत है। इस थीम का शाश्वत संदेश यह है कि मानव, जीव–जंतु, पेड़ पौधे और यहां तक कि सूक्ष्मजीव, सभी का जीवन अमूल्य है और व्यापक ब्रह्मांड के परिप्रेक्ष्य में प्रत्येक का अस्तित्व अंतर्संबंधों के ताने–बाने में गुथा है। इस थीम के अंतर्गत 'लाइफ' अर्थात् पर्यावरण अनुकूल शैली पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसके दायरे में पर्यावरण के दृष्टिकोण से दीर्घकालिक और जिम्मेदारी की भावना से युक्त विकल्पों का चयन करना शामिल है, ताकि ऐसे कदम वैश्विक तौर पर बदलाव लाएं और परिणामतः हमारा पर्यावरण स्वच्छ एवं हरित बन सके।

भारत की जी20 थीम और लोगो से प्रेरित ये दो डाक–टिकट, भारत की जी20 अध्यक्षता की ऐतिहासिक अवधि और जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली के ऐतिहासिक अवसर पर स्मारक स्वरूप जारी किए जा रहे हैं।

दोनों डाक–टिकटों में से पहला जी20 स्मारक डाक–टिकट ऐसे भारत का प्रतीक है, जो विविधतापूर्ण, समावेशी तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण है। यह सुनहरा डाक–टिकट, भारत के राष्ट्रीय पुष्प, कमल और मंडला कला शैली से प्रेरित है। इसका चमकीला सुनहरा रंग, हमारी समृद्ध संस्कृति, स्वर्णिम इतिहास और शाश्वत परम्पराओं का द्योतक है, जबकि इसकी सात पंखुड़ियां, सातों महाद्वीपों और जी20 देशों की एकजुटता को दर्शाती हैं। यह डाक टिकट, इस बात का प्रतीक है कि भारत की विशिष्ट विविधतापूर्ण सांस्कृतिक धरोहर, शांतिपूर्ण सहअस्तित्व और लोकतांत्रिक मूल भावना किस प्रकार सभी के लिए परस्पर सुनहरे और लाभकारी भविष्य के स्वप्न को साकार कर सकती है।

दूसरा जी20 स्मारक डाक–टिकट एकजुटता की भावना का प्रतीक है और भारत की अध्यक्षता में इन देशों की समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई आधारित ठोस परिणाम प्राप्त करने की सामूहिक इच्छा शक्ति को परिलक्षित करता है। साझा समृद्धि तथा शांतिपूर्ण एवं समृद्धशाली विश्व के निर्माण के उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम यह है कि जी20 देशों का नेतृत्व, एकता और सामूहिकता की भावना से प्रेरित हो। भारत के 'अनेकता में एकता' के अनूठे मंत्र और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा को प्रतिबिम्बित करते हुए 'सात हाथ', सातों महाद्वीपों के प्रतीक स्वरूप हैं, जो एकजुटता/एकता और समावेशिता के मूल्यों को प्रदर्शित करते हैं।

भारत ऐसे समय में जी20 की अध्यक्षता कर रहा है, जब विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। इन चुनौतियों के बीच भारत की जी20 अध्यक्षता, समकालीन वैश्विक चुनौतियों के दीर्घकालिक समाधान हेतु अर्थपूर्ण चर्चाओं के लिए एक मंच और आशा की किरण बनकर उभरी है। इस पृष्ठभूमि में भारत की जी20 अध्यक्षता पर आधारित ये स्मारक डाक–टिकट, इस विशिष्ट बहुपक्षीय फोरम के माध्यम से विभिन्न जी20 देशों के एकजुट होने का द्योतक है और आशा एवं नवजागरण का प्रतीक है।

डाक विभाग, 'जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली 2023' पर स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए प्रसन्नता का अनुभव करता है और सभी सदस्य देशों के लिए आशा, सतत विकास, अंतर–सम्बद्धता एवं समावेशी विकास की दिशा में भारत की सक्रिय भूमिका के महत्व को रेखांकित करता है।

आभार :

डाक–टिकट/सूवेनियर शीट/प्रथम दिवस आवरण/विवरणिका : श्री सुरेश कुमार

विरूपण कैशे : श्रीमती नीनू गुप्ता

पाठ : विदेश मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई सामग्री से संदर्भित

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग	: 2000 पैसा, 2000 पैसा
Denomination	: 2000 p, 2000 p
स्मारिका शीट मुल्य	: 4000 पैसा
Souvenir Sheet Price	: 4000 p
मुद्रित स्मारिका शीट	: 2.11 लाख
Souvenir Sheet Printed	: 2.11 Lakh
मुद्रण प्रक्रिया	: वेट ऑफसेट
Printing Process	: Wet Offset
मुद्रक	: प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	: Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

©डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

©Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 5.00